# बिहार विशिष्ट करेंट अफेयर्स जनवरी 2022

## रोहित कुमार को किया गया बिहार विभूति सम्मान से सम्मानित

• मीडिया ट्रेंड्ज के संस्थापक, रोहित कुमार को बिहार उद्यमिता सम्मेलन 2021 में "बिहार विभूति सम्मान" से सम्मानित किया गया है।

• यह कार्यक्रम NDMC कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था और लेट्स इंस्पायर बिहार द्वारा आयोजित किया गया था।

• कॉन्क्लेव का उद्देश्य, ऐसे प्रतिबद्ध व्यक्तियों को जोड़ना है, जिन्होंने स्वैच्छिक आधार पर किसी भी मुख्य विषय पर भविष्य के निर्माण में योगदान करने का विकल्प चुना है।

## बिहार के नए मुख्य सचिव बने आमिर सुबहानी

• विकास आयुक्त आमिर सुबहानी बिहार के नए मुख्य सचिव होंगे। सुबहानी 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं।

• वहीं समाज कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अतुल प्रसाद को विकास आयुक्त की जिम्मेवारी दी गई है।

## बिहार का पहला मॉडल फ्लोरीकल्चर सेंटर

• भागनबिगहा में सूबे का पहला मॉडल फ्लोरीकल्चर सेंटर बनेगा। हाईटेक तकनीक से फूल फसल की नर्सरियां तैयार की जाएंगी।

• सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद मॉडल सेंटर को धरातल पर उतारने की कवायद में उद्यान विभाग जुट गया है। फूल फसलों के उन्नत पौध तैयार करने के लिए हाईटेक नर्सरी बनेगी।

• यहां रोस्टर के अनुसार विभिन्न जिलों के किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक तालाब भी होगा, जिसमें कमल व अन्य जलीय फूलों की खेती की जाएगी। योजना पर करीब 2.80 करोड़ खर्च होंगे।

byjusexamprep.com

## डॉ. रेखा कुमारी फिर बनीं उच्च शिक्षा निदेशक

• डॉ. रेखा कुमारी को राज्य सरकार के शिक्षा विभाग ने एक बार फिर उच्च शिक्षा निदेशक पद पर नियुक्त किया है। वह एएन कॉलेज पटना में स्नातकोत्तर जंतु विज्ञान विभाग में प्राध्यापक हैं।

• गौरतलब है कि इस पद पर तीन साल का अपना कार्यकाल रेखा कुमारी ने 16 दिसम्बर 2021 को पूरा किया था। शीर्ष स्तर पर मंत्रणा के बाद डॉ. रेखा कुमारी को फिर से यह दायित्व सौंपने का निर्णय हुआ।

## पूरे बिहार में लागू होगा 'कोई बच्चा पीछे नहीं, माता भी छूटे नहीं' कार्यक्रम

• सरकार द्वारा संचालित महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक व अति पिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत राज्य के 9 जिले में 'कोई बच्चा पीछे नहीं, माता भी छूटे नहीं' कार्यक्रम को अब पूरे बिहार में लागू किया जाएगा।

• फिलहाल नालंदा, वैशाली, अरवल, जहानाबाद, कटिहार, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया एवं सुपौल जिले यह कार्यक्रम चल रहा है।

• कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम को देखते हिए शिक्षा मंत्री ने शेष बचे 29 जिलों में भी इस कार्यक्रम को चलाने का निर्देश दिया।

## बिहार के आचार्य चंदनाजी और मरणोपरांत शैवाल गुप्ता को पद्मश्री सम्मान

• भारत सरकार ने साल 2022 के पद्म पुरस्कारों में बिहार के 2 लोगों को पद्मश्री देने की घोषणा की।

• सामाजिक कार्यों के लिए आचार्य चंदनाजी को पद्मश्री दिए जाने का ऐलान किया गया।

• जबकि शैवाल गुप्ता को मरणोपरांत यह सम्मान साहित्य और शिक्षा में विशिष्ट योगदान के लिए दिया जा रहा है।

## पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष नियुक्त हुए संजय कुमार

• बिहार सरकार ने राज्य स्तर पर गठित पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग का अध्यक्ष पटना हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार को नियुक्त किया है।

• उनकी नियुक्ति 05 जनवरी 2022 से अगले तीन साल के लिए की गई है। यह आदेश पदभार ग्रहण की तिथि से प्रभावी माना जाएगा।

SUBSCRIBE

## बिहार का दूसरा टाइगर रिजर्व कैमूर में बनेगा

• केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय बिहार में वाल्मीकिनगर के बाद कैमूर में दूसरे टाइगर रिजर्व के लिए कार्यों को मूर्त रूप दे रहा है।

• दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की 19वीं बैठक में इस पर चर्चा की गई। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने की।

• शीघ्र ही वाल्मीकिनगर के बाद कैमूर में बिहार को दूसरा टाइगर रिजर्व मिलेगा।

## युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2021 से नवाजे गए जहानाबाद के ओमप्रकाश

• बिहार के जहानाबाद के परसबिगहा निवासी ओम प्रकाश गुजेला को युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2021 से नवाजा गया है।

• बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय में इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत ओमप्रकाश गुजेला को रिसर्च के क्षेत्र में कार्य करने वाली प्रतिष्ठित संस्थान वीडी गुड प्रोफेशनल एसोसिएशन द्वारा उपर्युक्त सम्मान से सम्मानित किया गया।

## ग्लोबल फैकल्टी अवार्ड से सम्मानित हुए बिहार के डॉ. संजीव कुमार

• डॉ. एलकेवीडी कॉलेज ताजपुर के वनस्पति-विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.संजीव कुमार विद्यार्थी को अंतर्राष्ट्रीय ग्लोबल फैकेल्टी अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

• यह सम्मान एके एस फाउंडेशन दिल्ली द्वारा 15 जनवरी 2022 को आयोजित दिल्ली के एक कार्यक्रम में दिया गया। इससे पूर्व डॉ. विद्यार्थी को फेलो ऑफ इंडियन बोटैनिकल सोसायटी अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

## हरनाथपुर के डॉ. मुकुल को बिहार श्री सम्मान

• डॉ. मुकुल कुमार सिंह को कोरोना काल में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बिहार श्री सम्मान प्रदान किया गया है।

• पटना के चाणक्या होटल में बिहार सरकार में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय और पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

byjusexamprep.com

## बिहार का पहला सोलर फ्लोटिंग प्लांट

• राज्य में पहला तैरता हुआ सोलर बिजली प्लांट तैयार किया जा चुका है। ये पहला तैरता पावर प्लांट दरभंगा जिले के कादिराबाद मोहल्ले के एक तालाब में बनाया गया है।

• इसके नीचे मछली का उत्पादन किया जाएगा। एवं तालाब के ऊपर सोलर प्लेट लगा कर सौर ऊर्जा से बिजली का भी उत्पादन भी होगा।

## नवादा के डॉ अभिषेक राज नेशनल चॉइस अवार्ड 2021 से सम्मानित

• नवादा शहर के युवा साहित्यकार डॉ. अभिषेक राज को उभरते युवा लेखक के रूप में नेशनल चॉइस अवार्ड का सम्मान मिला है।

• द ट्रिब्यून प्रकाशन समूह और रेडियो सिटी के संयुक्त तत्वावधान में भारत के 100 उभरते लेखक और शिक्षाविदों में उन्हें चुना गया है।

## बिहार के 3 बच्चे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित

• प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022 से बिहार के धीरज कुमार (वीरता) एवं पल साक्षी (सामाजिक सेवा) को सम्मानित किया गया।

• वहीं प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2021 से दरभंगा की ज्योति कुमारी (वीरता) को सम्मानित किया गया।

byjusexamprep.com